Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 20-12-2004

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

Title: Need to provide for haltage of train nos. 8204-8203 and 2448-2447 at Ragol and Mahoba railway stations respectively in Uttar Pradesh.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बुन्देलखंड के हमीरपुर और महोबा की तरफ आकृट करना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि वह सबसे पिछड़ा क्षेत्र है। वहां प्रमुख रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं और निवेदन करना चाहता हूं कि एक संपर्क क्रान्ति ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया था जिसका नंबर 2448 एवं 2447 है जिसे हजरत निजामुद्दीन-चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) चलाया जाना था और महोबा में ठहराव दिया जाना था। जब मैंने रेलवे के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी मांगी, तो मुझे बताया गया कि उत्तर प्रदेश में महोबा पर इस गाड़ी का ठहराव निश्चित है। लेकिन इस बार जो नई समय-सारिणी आई है, उसके अनुसार महोबा स्टेशन पर ठहराव नहीं दर्शाया गया, इस कारण हमारे क्षेत्र की जनता बहुत अंदोलनरत है।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से हमारी सरकार से मांग है कि इसका ठहराव महोबा पर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही दो अन्य ट्रेनें हैं, कानपुर से दुर्ग एक्सप्रैस का ठहराव रागोल स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए और जगन्नाथपुरी की तरफ जाने वाली…(व्यवधान) ट्रेन को सप्ताह में एक दिन झांसी सो महोबा होकर जाने की व्यवस्था की जाये ।

अध्यक्ष महोदय **:** आपको इसके बारे में रेल बजट में बोलना चाहिए था।

…(व्यवधान)

श्री राजनारायण बुधौलिया : अध्यक्ष महोदय, हमारे बुंदेलखंड में आज़ादी के बाद से रेल के संबंध में कोई काम नहीं हुआ है। हमारी हमीरपुर से राठ होती हुई हरपालपुर तक और भिण्ड (मुरैना) से उरई होते हुए महोबा तक दो प्रस्तावित रेल लाइनें हैं। इनके संबंध में सर्वेक्षण करा कर इन्हें सुनिश्चित करवाया जाए।

MR. SPEAKER : I thought we decided to raise matters of urgent national importance.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : All matters are of importance. Shri Adhir Chowdhury to speak now.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Thank you, Sir. It comes as a rude shock to the Indian people that India has been denied a permanent seat in the Security Council.

MR. SPEAKER : Who has denied it? Where is it denied? It is not yet denied. Do not complicate matters. You raise some other matter. Do not complicate it.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Yes sir.

MR. SPEAKER : Our country will not accept that position.